कार्यवृत्त

श्री प्रकाश तिवारी, अध्यक्ष क्रय समिति / प्रभारी अधिकारी नज़ारत / विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी.एक्ट) सहारनपुर के अवकाश पर होने के कारण मेरी अध्यक्षता में आज दिनांक 17.02.2024 को समय सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर के ए.ड़ी.आर. भवन में इस न्यायापीठ में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों: चाय कैन्टीन, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2,पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान नं0-2 तथा रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी की वित्तीय वर्ष-2024-2025 हेतु नीलाम समिति की बैठक हुई। बैठक में श्री कमलदीप सदस्य नीलाम समिति / अपर जिला जज / त्वरित न्यायालय-द्वितीय सहारनपुर तथा श्री संजीव कुमार शर्मा, सदस्य नीलाम समिति/ कोर्ट मैनेजर सहारनपुर उपस्थित आये। नीलाम समिति द्वारा नीलामी की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

दिनांक 08.02.2024 को अमर चिंगारी समाचार-पत्र, दिनांक 09.02.2024 को अवधनामा समाचार-पत्र तथा दिनांक 13.02.2024 को टाईम्स ऑफ इंड़िया में प्रकाशन तथा व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार कराये जाने के बाद भी न्यायपीठ सहारनपुर के प्रतिष्ठानो: चाय कैन्टीन, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2,पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान नं0-2 तथा रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी हेतु कोई बोलीदाता उपस्थित नही आया। किसी भी बोलीदाता के उपस्थित न आने के कारण नीलामी की कार्यवाही पूर्ण नही हो सकी।

अत: केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि वह नीलामी के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु न्यायपीठ के नोटिस बोर्ड़ व कलेक्ट्रेट में स्थित नोटिस बोर्ड़ तथा अन्य दृष्यमान स्थानो पर सार्वजनिक सूचना चस्पा कराये, तथा दो स्थानीय समाचार-पत्रों व एक राष्ट्रीय समाचार-पत्र में प्रकाशन करायें एवं ज़िला न्यायालय सहारनपुर के पोर्टल तथा माननीय उच्च न्यायालय की अधिकृत वेबसाईट पर भी नीलामी तिथि व विवरण अपलोड़ करायें। नीलामी की तिथि ए.ड़ी.आर. भवन में दिनांक 27.02.2024 समय सांय 04:30 बजे नियत की जाती है।

कार्यवृत्त की एक प्रति माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया को सूचनार्थ प्रेषित।

17/2/24
(संजीव कुमार शर्मा)
सदस्य नीलाम समिति/
कोर्ट मैनेजर
सहारनपुर।

कमलदीप 17.2.24
(कमलदीप)
सदस्य नीलाम समिति/
अपर जिला जज/ त्वरित न्यायालय-॥
सहारनपुर।

17/2/24
(आलोक शर्मा)
कार्यकारी अध्यक्ष नीलाम समिति/
अपर जिला जज कक्ष सं0-11
सहारनपुर।

(प्रकाश तिवारी)
अध्यक्ष नीलाम समि
विशेष न्यायाधीश
(एस.सी./एस.टी.एक
सहारनपुर।
(आकस्मिक अवकाश